Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: BCA & BBM

Farewell and Fresher's Party

12.04.2022

दिनांक 12.04.2022 को श्री अरविंद महिला महाविद्यालय , पटना के सेमिनार हॉल में महाविद्यालय के बीबीएम और बीसीए के सत्र 2019-22 की छात्राओं का विदाई समारोह तथा सत्र 2021-24 की छात्राओं का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने अपने संबोधन में छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में उच्च आदर्श को स्थापित करने की प्रेरणा दी तथा उनके बेहतर भविष्य की कामना कीं . रौशनी रौशन और सोनी कुमारी के मंच संचालन में दोनों कोर्सों के विभिन्न छात्राओं के द्वारा गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

दैनिक भास्कर **पटना** 13-04-2022

छात्राओं से कहा-हमेशा कुछ-कुछ रचते रहें

श्री अरविंद महिला कॉलेज में फ्रेशर्स और फेयरवेल पार्टी का आयोजन

पटना | श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना के सेमिनार हॉल में बीबीएम और बीसीए के सत्र 2019-22 की छात्राओं का विदाई समारोह तथा सत्र 2021-24 की छात्राओं के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में उच्च आदर्श को स्थापित करने की प्रेरणा दी। बीसीए कोर्स के समन्वयक राजीव शंकर सिन्हा ने छात्राओं को हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहने की प्रेरणा दी। बीबीएम कोर्स के समन्वयक आदित्य भारद्वाज ने कहा कि अनुशासित रहते हुए ऊंचे से ऊंचे लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक और साहित्यकार डॉ. शिव नारायण सिंह ने छात्राओं को सुख दुख की परवाह किए बिना ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करने की राह दिखाई।

कार्यक्रम में आर्या पांडेय, मिली कुमारी और पूजा कुमारी को संयुक्त रूप से मिस फ्रेशर चुना गया जबकि स्नेहा कुमारी, नेहा कुमारी और पंखुड़ी संयुक्त रूप से मिस फेयरवेल चुनी गईं।